-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 27.09.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **"ऑपरेशन ईगल" के क्रम में अवैध सूखे गांजे की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तों को थाना कालिंजर पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार। अभियुक्त के कब्जे से 9.3 किग्रा0 अवैध सूखा गांजा व परिवहन में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध तथा जनपद को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से **"ऑपरेशन ईगल"** चलाया जा रहा है जिसमें अब तक कई बड़ी कार्यवाही की गई है। इसी क्रम में थाना कालिंजर पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 26.09.2024 की रात्रि को थाना कालिंजर पुलिस द्वारा रात्रि गश्त व चेकिंग के दौरान ग्राम छतैनी से वाहन चेकिंग के दौरान अवैध सूखे गांजे की तस्करी करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 9.3 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा व अवैध सूखे गांजे के परिवहन में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में थाना कालिंजर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों को मा0 न्यायालय भेजा गया।

बरामदगी –

- 09 किलो 310 ग्राम अवैध सूखा गांजा
- 01 अपाचे मोटरसाइकिल (परिवहन में प्रयुक्त)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. बृजमोहन उर्फ पंकज पटेल पुत्र छोटेलाल पटेल उम्र करीब 24 वर्ष निवासी सरवई थाना सरवई जनपद छतरपुर (म0प्र0)।
2. आमित पटेल पुत्र राजू पटेल उम्र करीब 19 वर्ष निवासी सरवई थाना सरवई जनपद छतरपुर (म0प्र0)।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 154/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना कालिंजर जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. थानाध्यक्ष कालिंजर श्री राम दिनेश तिवारी
2. उ0नि0 श्री सुभाष चन्द्र
3. उ0नि0 श्री मणिशंकर मिश्रा
4. हे0कां0 गोकुलेश मिश्रा
5. कां0 सुभम मिश्रा
6. कां0 सत्यम गुर्जर
7. कां0 सौरभ शुक्ला